माह अप्रैल 2023 के दौरान हमारे मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियां की गईं:

1. 5-6 अप्रैल, 2023 के दौरान तिरुवनंतपुरम में जी20 एम्पॉवर की दूसरी बैठक:

जी20 एम्पावर पहल के लिए नोडल मंत्रालय की अपनी भूमिका में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जी20 एम्पॉवर की दूसरी बैठक 5-6 अप्रैल, 2023 के दौरान तिरुवनंतपुरम, केरल में जी20 सचिवालय, विदेश मंत्रालय और जी20 एम्पॉवर सचिवालय (फिक्की) के घनिष्ठ समन्वय में आयोजित की। बैठक में 15 (पंद्रह) जी20 अतिथि देशों और 6 (छह) अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

2. 13 से 14 अप्रैल, 2023 के दौरान जयपुर में वुमेन 20 की दूसरी बैठक:

मंत्रालय ने, वुमेन 20 इंगेजमेंट ग्रुप के लिए नोडल मंत्रालय की अपनी भूमिका में, मंत्रालय के सहयोग से वुमेन 20 सचिवालय द्वारा आयोजित वुमेन 20 की दूसरी बैठक में भाग लिया। बैठक में 18 (अठारह) जी20 अतिथि देशों और 5 (पांच) अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

3. लंबित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ बैठक

माननीय मंत्री ने 20 अप्रैल और 24 अप्रैल 2023 को (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) लंबित मुद्दों पर और तीनों मिशनों अर्थात मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की। राज्यों के महिला एवं बाल विकास मंत्रियों/समाज कल्याण मंत्रियों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासकों ने अपने प्रधान सचिवों/सचिवों सहित इन बैठकों में भाग लिया।

4. आधार अधिनियम के तहत मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 और मिशन वात्सल्य की राजपत्र में अधिसूचना

मंत्रालय के मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 और मिशन वात्सल्य को क्रमशः 10 अप्रैल और 11 अप्रैल 2023 को आधार अधिनियम की धारा 7 के तहत राजपत्र में अधिसूचित किया गया।

5. मंत्रालय के तीन स्वायत्त निकायों को युक्तिसंगत बनाने और बंद करने को मंत्रिमंडल का अनुमोदन

मंत्रिमंडल ने 06.04.2023 को संपन्न अपनी बैठक में खाद्य और पोषण बोर्ड (एफएनबी), राष्ट्रीय महिला कोष (आरएमके) और केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड (सीएसडब्ल्यूबी) को युक्तिसंगत बनाने और बंद करने के मंत्रालय के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है।

6. आजादी का अमृत महोत्सव के तहत बाल खेल महोत्सव का आयोजन

मंत्रालय ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 28 अप्रैल, 2023 को सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे बच्चों के साथ ही देश भर के सभी बोर्डों (सीबीएसई/आईसीएसई/राज्य स्कूल बोर्डों आदि) के स्कूलों के बच्चों/छात्रों के लिए अन्य मंत्रालयों के साथ मिलकर 'बाल खेल महोत्सव' का आयोजन किया। बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के अलावा स्वदेशी खेलकूद और योगा का भी आयोजन किया गया। बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने हेतु प्रेरित करने के लिए राज्य/जिला स्तर की खेल हस्तियों को आमंत्रित किया गया।

****